**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 25.11.2024**

**स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस द्वारा थाना अंकुर विहार से लूट में वांछित व अंतर्राज्यीय वाहन चोरी/लूट करने वाले 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया,कब्जे से चोरी के 04 वाहन व लूट की स्कूटी के पार्ट बरामद हुए।**

दिनांक 24.11.2024 को स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान अंतर्राज्यीय वाहन चोर /लुटेरों अभियुक्तों 1.कासिम पुत्र शेरुद्दीन निवासी आदर्श नगर कालोनी थाना गढमुक्तेश्वर जिला हापुड़ 2.शाहरुख उर्फ सारिफ पुत्र नबीअहमद निवासी गली नं0 05 संगम विहार सचदेवा स्कूल के पास थाना वजीराबाद दिल्ली 3.सरवर उर्फ समीर पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला मिर्धापाडा सुभाष गेट थाना गढमुक्तेश्वर हापुड को रिछपाल गढ की तरफ से जल प्लांट रोड थाना क्षेत्र क्रॉसिंग रिपब्लिक से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से एक मोटर साइकिल स्पलेन्डर व एक प्लास्टिक के कट्टे में जूपिटर स्कूटी के पार्ट बरामद हुए तथा अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की अन्य दो मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट व 01 स्कूटी एक्टिवा बरामद हुई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग दिल्ली NCR क्षेत्र में घूम-फिर कर मौका देखकर वाहन चोरी व लूट की घटनाएं कारित करते है तथा लूट/चोरी की मोटर साइकिल के पार्टस अलग अलग करके उनको चलते फिरते कबाड़ी को बेच देते है तथा बताया कि जूपिटर स्कूटी के जो पार्ट हमसे बरामद हुए है, वह स्कूटी हमने करीब 2 हफ्ते पहले दिल्ली वजीराबाद बुराडी रोड से लूटी थी, जिसके पार्टस हमने अलग अलग कर दिये तथा मो0सा0 स्पलेन्डर नं0 UP14EU 5510 को दो माह पूर्व थाना मसूरी से चोरी की थी एवं स्कूटी एक्टिवा नं0 UP14DB6781 को 11 माह पूर्व थाना क्षेत्र कविनगर से चोरी करना बताया तथा मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस बिना नम्बर प्लेट जिसका चैचिस नं0 MBLHAW091LHA77941 व इन्जन नं0 HA10AGLHAG0002 व मो0सा0 हीरो स्पलैंडर रंग काला बिना नम्बर प्लेट इंजन नं0 HA11EVLHM12589 गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी करना बताया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम/पता**

(1) कासिम पुत्र शेरुद्दीन निवासी आदर्श नगर कालोनी थाना गढमुक्तेश्वर जिला हापुड, उम्र 19 वर्ष।
(2) शाहरुख उर्फ सारिफ पुत्र नबीअहमद निवासी गली नं0 5 संगम विहार सचदेवा स्कूल के पास थाना वजीराबाद दिल्ली,उम्र 23 वर्ष।
(3) सरवर उर्फ समीर पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला मिर्धापाडा सुभाष गेट थाना गढमुक्तेश्वर हापुड, उम्र 24 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

(1) मोटर साइकिल सं0 UP14EU 5510 स्पलेन्डर (थाना मसूरी से चोरी)
(2) एक प्लास्टिक के कट्टे मे जुपिटर स्कूटी के पार्ट (दिल्ली वजीराबाद से लूटी)
(3) 01 स्कूटी एक्टिवा नं0 UP14DB6781 इन्जन न0 JF50E76030410 (थाना कविनगर क्षेत्र से चोरी)
(4) मोटर साइकिल हीरो स्पलेंडर प्लस बिना नम्बर प्लेट जिसका चैचिस नं0 MBLHAW091LHA77941 व इन्जन नं0 HA10AGLHAG0002 (गाजियाबाद से चोरी)
(5) मो0सा0 हीरो स्पलैंडर रंग काला बिना नम्बर प्लेट इंजन नं0 HA11EVLHM12589 (गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी)

**अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

अभियुक्तों के विरुद्ध थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर चोरी के वाहन बरामदगी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा थाना कविनगर, थाना मसूरी में वाहन चोरी के सम्बन्धित 01-01 अभियोग पंजीकृत है तथा दिल्ली वजीराबाद में स्कूटी लूट के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। इसके अतिरिक्त

अभियुक्त कासिम के विरुद्ध थाना अंकुर विहार पर लूट का 01 अभियोग पंजीकृत है तथा अभियुक्त सरवर के विरुद्ध थाना गढमुक्तेश्वर हापुड पर अपहरण व जुए से सम्बन्धित 02 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम**

स्वाट टीम ग्रामीण जोन व थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम।

**थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा अवैध देशी शराब का विक्रय करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 37 पौवा अवैध देशी शराब बरामद।**

आज दिनांक 25.11.2024 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध देशी शराब विक्रय करने वाले अभियुक्त विक्की पुत्र जसवीर निवासी संजय प्रधान वाली गलीए पंचवटी कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष को चौकी क्षेत्र लोनी बॉर्डर से गिरफ्तार किया गया, इसके कब्जे से 37 पौवा अवैध देशी शराब बरामद हुई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण -**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं घूम फिरकर राह चलते लोगों को चोरी-छिपे मंहगे दामों में शराब बेचकर अपने शौक पूरे करता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता-**

विक्की पुत्र जसवीर निवासी संजय प्रधान वाली गली पंचवटी कॉलोनी थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबादए उम्र 30 वर्ष ।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग -**

अभियुक्त के विरूद्ध उपरोक्त घटना के संबंध में थाना लोनी बॉर्डर पर 01 अभियोग पंजीकृत किया गया। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी का विवरणः-**

37 पौवा अवैध देशी शराब बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना लोनी बॉर्डर पुलिस टीम।

**थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद।**

दिनांक 23.11.2024 को थाना लोनी पर वादी द्वारा अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल को चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी गई। पुलिस द्वारा वादी की तहरीर पर तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया व अभियोग के शीघ्र सफल अनावरण हेतु पुलिस टीम गठित की गयी।

तत्पश्चात दिनांक 24.11.2024 को थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चेकिंग के दौरान निठौरा अन्डरपास कट से वाहन चोरी करने वाले अभियुक्त रिहान पुत्र अब्दुल्ला निवासी टेकी के सामने बंजारा वाली गली अशोक विहार थाना लोनी गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष को गिरफ्तार किया गया तथा इसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्त ने पूछताछ पर बताया कि साहब मैंने यह मोटरसाइकिल मुस्ताफाबाद निकट नूर मस्जिद लोनी गाजियाबाद से चोरी की थी जिसे मैं बेचने की फिराक में जा रहा था कि आपने पकड़ लिया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता**

रिहान पुत्र अब्दुल्ला निवासी टंकी के सामने बंजारा वाली गली अशोक विहार थाना लोनी गाजियाबाद, उम्र 21 वर्ष

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग**

थाना लोनी पर चोरी व बरामदगी के सम्बध में 02 अभियोग पंजीकृत है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**बरामदगी का विवरण** –

चोरी की मोटरसाइकिल अपाचे बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

थाना लोनी पुलिस टीम

**क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए चार पहिया वाहनों को चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, 08 चोरी के चार पहिया लग्जरी वाहन सहित 03 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी मे प्रयोग किये जाने वाले इलैक्ट्रोनिक उपकरणों सहित अन्य सामग्री बरामद**

दिनाँक-25/11/2024 को क्राइम ब्रॉन्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद व थाना मधुबन बापूधाम पुलिस के द्वारा एनसीआर क्षेत्र में लग्जरी चार पहिया वाहनों की चोरी करने व बेचने वाले अन्तर्राज्यीय वाहन चोरों के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 03 अभियुक्तो को थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र से गिरफ्तार करने मे महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तो के कब्जे से चोरी की 03 ब्रेजा कार, 03 मारूति स्विफ्ट कार, 01 मारूति फ्रोन्क्स व 01 होण्डा सिटी कार व चोरी करने के इलैक्ट्रोनिक उपकरण व चाबियाँ बरामद हुई है।

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ पर अभियुक्त शकील उर्फ भुरवा ने बताया कि वह अनपढ है वह ट्रक ड्राईवर का काम करता था जिसमें ज्यादा आमदनी नही होती थी इसी बीच वह वर्ष 2010 मे सलमान के सम्पर्क मे आया और उसके साथ वाहन चोरी व लूट की वारदात करने लगा जिसमें वह पहली बार जेल गया था। जेल से छूटने के बाद भी चोरी व लूट की वारदात अलग-अलग साथियों के साथ करता रहा जिसमें कई बार विभिन्न जनपदों से जेल जाता रहा है। वर्ष-2022 में शकील उर्फ भुरवा ने असलम, राशिद काला, हसीन के साथ मिलकर अपना वाहन चोरो का गैंग बना लिया और मेरठ, गाजियाबाद व

दिल्ली एनसीआर से वाहन चोरी कर माँग के अनुसार सप्लाई करने लगा। अभियुक्त हसीन ने पूछताछ पर बताया कि वह अनपढ है व गाँव में खेतों में मजदूरी का काम करता है परन्तु खेती में ज्यादा फायदा न होने के कारण अपराध करने लगा फिर वह असलम के सम्पर्क मे आया और उसके साथ लग्जरी कारें चोरी करने लगा वर्ष 2019 में दिल्ली से जेल गया था जेल से छूटने के बाद पुनः इसी अपराध मे लिप्त रहा और अपने साथियों के साथ लग्जरी गाडियाँ चोरी करके माँग के अनुसार सप्लाई करने लगा जिसमे वह पूर्व मे भी कई बार जेल जा चुका है। अभियुक्त समीर ने पूछताछ पर बताया कि वह जोधपुर राजस्थान का रहने वाला है तथा 10वीं पास है पहले वह टायर पन्चर की दुकान करता था बाद में वर्ष 2021 मे इसने स्पेयर पार्टस की दुकान खोली जिसमें ज्यादा फायदा नही हो रहा था इसी बीच यह जोधपुर के ही साजिद खान व अरशद के सम्पर्क मे आया उन्होने बताया कि वो लोग दिल्ली एनसीआर क्षेत्र से गाडियाँ चोरी करके लाते है और उसकी सप्लाई करते है जिसमें काफी आमदनी होती है इस पर समीर इन लोगो से जुड गया और चोरी की गाडियों की खरीद-फरोख्त व उनको काट कर उनके पार्टस अलग-अलग करके बेचने लगा इस काम के लिए समीर ने जोधपुर में एक अलग से गोदाम ले रखा है।

अभियुक्त शकील उर्फ भुरवा ने बताया कि हम लोगों का वाहन चोरी करने व बेचने वालो का एक संगठित गिरोह है गिरोह में हमारे अलावा हसीन, असलम, राशिद काला, अज्जु उर्फ अजरूद्दीन, हाफिज, अरशद, अब्दुल खालिक व समीर सक्रिय सदस्य है जो दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में लग्जरी गाडियों को उनकी मांग के अनुसार चोरी कर उसके इंजन नम्बर व चेसिस नम्बर में टैम्परिंग करके उसके फर्जी कागजात तैयार करके दूसरे राज्यों में बेच देते हैं। गाड़ी की डिमाण्ड राजस्थान से अरशद, अब्दुल खालिक व समीर तथा मेरठ से अज्जू उर्फ अजरूद्दीन व हाफिज बताते हैं। शकील उर्फ भुरवा अपने साथी हसीन, राशिद काला व असलम के साथ डिमाण्ड वाली गाड़ी की चोरी करने हेतु कार से ही रैकी करते हैं और जब रैकी करने के बाद गाड़ी को चिन्हित कर लेते हैं, तब मौका देखकर ये लोग इलैक्ट्रोनिक डिवाईस (टैब) के माध्यम से नकली चाबी बना लेते है और गाड़ी चोरी करके कुछ दूर जाने के बाद उसकी नम्बर प्लेट चेन्ज कर देते हैं और जीपीएस चैक करके उसको निकालकर फेक देते हैं। फिर चोरी की गाड़ी को अपने छुपाने के स्थानों पर ले जाकर खड़ी कर देते हैं, बाद में जिन साथियों ने डिमाण्ड की होती है वह आकर उस गाड़ी को ले जाते है। राजस्थान के समीर, अरशद व अब्दुल खालिक आकर गाडियाँ ले जाने के बाद एक्सीडेन्टल व टोटल ल़ॉस की गाडियों के इंजन व चेसिस नम्बर को इन चोरी की गाडियों पर नम्बर टैम्पर करके बेच देते है या उन गाडियों को काटकर उनके पार्टस अलग-अलग बेच देते है। इसमें जो भी फायदा होता था वह हम लोग आपस में बराबर-बराबर बांट लेते थे। अभियुक्त समीर पूर्व मे भी वाहन चोर आलम आलम व फजर तथा अपने राजस्थान के ही साथी साजिद खान के साथ वर्ष 2023 में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से वाहन चोरी व बरामदगी में जेल जा चुका है।

अभियुक्तगणों ने पूछताछ पर यह भी बताया कि जब हम गाड़ी चुराने आते थे तो उस समय पहचान छुपाने के लिए अपनी गाड़ी की नम्बर प्लेट बदलकर-बदलकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पहले से तयशुदा स्थान पर इकट्ठा हो जाते थे और मोबाइलों को फ्लाइट मोड़ पर कर लेते थे। हम लोग आपस में व्हाट्स-एप पर ही मैसेज व कॉल करते थे, आपस में नोर्मल कॉल करने से बचते हैं।

अभियुक्तगण काफी शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा आसपास के राज्यों में चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया गया है। अभियुक्तगण शातिर वाहन चोर है तथा 10-15 वर्षो से वाहन चोरी कर रहे है तथा पूर्व में भी कई बार वाहन चोरी में जेल जा चुके हैं। अभियुक्तों से मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तों व चोरी की गाड़ियों की खरीद-फरोख्त करने वालों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-</u>**

1.शकील उर्फ भुरवा पुत्र सदाकत निवासी ग्राम जसोरा थाना मुण्डाली जनपद मेरठ उम्र करीब 34 वर्ष

2.हसीन पुत्र रहीसुद्दीन निवासी ग्राम अलियारपुर खजूरी थाना किला परिक्षितगढ जनपद-मेरठ उर करीब 30 वर्ष

3.समीर पुत्र मौ0 यूसुफ निवासी महावतों की मस्जिद नागौरी गेट रोड थाना सदर जोधपुर राजस्थान उम्र करीब 26 वर्ष

**<u>बरामदगी:-</u>**

1.गाड़ी फ्रोन्क्स रंग ग्रे बिना नम्बर प्लेट (रजिस्ट्रेशन न0- DL 9CBC 9922, हरिनगर दिल्ली से चोरी)

2.गाड़ी स्विफ्ट रंग ग्रे बिना नम्बर प्लेट (वसुन्धरा सैक्टर 01 इन्दिरापुरम से चोरी)

3.गाड़ी होण्डा सिटी रंग गोल्डन ब्राऊन बिना नम्बर प्लेट (रजिस्ट्रेशन न0- DL 10CN 0218, सरस्वती विहार दिल्ली से चोरी)
4.गाड़ी ब्रेजा रंग सिल्वर बिना नम्बर प्लेट (रजिस्ट्रेशन नम्बर DL 8CBC 6595 दिल्ली से चोरी)
5.गाड़ी मारूति स्विफ्ट रंग ग्रे बिना नम्बर प्लेट (रजिस्ट्रेशन नम्बर DL 8CAY 2189 रोहिणी दिल्ली से चोरी)
6.गाड़ी ब्रेजा रंग सफेद बिना नम्बर प्लेट इंजन व चेसिस नम्बर खुर्द बुर्द
7.गाड़ी ब्रेजा रंग सफेद बिना नम्बर प्लेट इंजन व चेसिस नम्बर खुर्द बुर्द
8.गाड़ी स्विफ्ट रंग सफेद शीशे टूटी क्षतिग्रस्त रजिस्ट्रेशन नम्बर UP 12AV 0006 (ओरिजनल रजिस्ट्रेशन न0- UP 15EC 1995)
9.गाड़ी की चाबी की कोडिंग करने वाला टैब मय डाटा केबल वायर- 01 अदद
10.बनी एंव बिना बनी चार पहिया गाडियोँ की चिपयुक्त रिमोट वाली चाबियाँ – 17 अदद

**<u>आपराधिक इतिहासः-</u>**

1.शकील उर्फ भुरवा के विरूद्ध दिल्ली मे-09, गौतमबुद्धनगर मे -02, हापुड़ में- 05, मेरठ में -08, बिजनौर से 01 व गाजियाबाद में -04 कुल 29 अभियोग पंजीकृत है।
2.हसीन के विरूद्ध दिल्ली में 08, हापुड़ मे 01, गौतमबुद्धनगर में 01 व गाजियाबाद मे-03 कुल 13 अभियोग पंजीकृत है।
3.समीर के विरूद्ध गाजियाबाद में 03 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

क्राइम ब्रान्च पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद
थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम

**थाना लिंकरोड़ पुलिस टीम द्वारा मारपीट के अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 23.11.2024 को थाना लिंकरोड़ पर वादी श्री राजेश गुप्ता पुत्र भीम शाह निवासी गाजीपुर कॉलोनी थाना डबुआ कॉलोनी जिला फरीदाबाद की लिखित तहरीर के आधार पर 02 अभियुक्त 1. सन्नी तौमर पुत्र राकेश सिहं, 2. सोनू पुत्र मोती चौधरी व 3. दो अन्य लोग द्वारा शादी में लाठी-डण्डों से मारपीट कर वादी के पुत्र विक्की को गम्भीर रुप से घायल कर देने व अन्य लोगों के साथ मारपीट कर घायल कर देने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना को गम्भीरता से लेते हुये आज दिनांक 25.11.2024 को थाना लिंकरोड़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मारपीट के अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्त 1. सन्नी तौमर पुत्र राकेश सिहं निवासी किरायेदार हरीशपाल का मकान ग्राम कड़कड़ मॉडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम बखौटी थाना बिल्लौर जिला कानपुर नगर उम्र करीब 28 वर्ष व 2. सोनू पुत्र मोती चौधरी निवासी किरायेदार अनिल चौधरी का मकान ग्राम कड़कड़ मॉडल थाना लिकरोड गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम नौली थाना गाहमर जिला गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष को ग्राम कड़कड़ मॉडल रामलीला ग्राउण्ड पानी की टंकी के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>पूछताछ का विवरण</u>**

गिरफ्तार अभियुक्तगण उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि दिनांक 22.11.2024 को ग्राम कड़कड़ मॉडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद में हमारे गांव की लड़की की बारात फरीदाबाद हरियाणा से आयी थी रात्रि में डीजे पर गाना बजाने को लेकर हम लोगों ने बारात में आये विक्की कुमार नाम के लड़के के साथ लाठी-डण्डों से गुस्से में आकर मारपीट कर दी थी। हम दोनों ने विक्की कुमार को बचाने आये अन्य लोगों के साथ भी मारपीट कर दी। जब हम दोनों विक्की कुमार के साथ लाठी-

डण्डों से मारपीट कर रहे थे तो विक्की कुमार के सिर तथा अन्य स्थानों पर चोट लगने से वह मौके पर बेहाश होकर गिर गया, यह सब देखकर वहां पर मौजूद बारात भीड़ द्वारा हम दोनों के साथ भी मारपीट कर दी थी हम दोनों को यह नहीं पता कि उस भीड़ में से किसने हमारे साथ मारपीट की जिससे हमें चोट आई है। जब हमारे चोट लगी तो हम दोनों मौके से भाग गये थे।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता</u>**

1. सन्नी तौमर पुत्र राकेश सिहं निवासी किरायेदार हरीशपाल का मकान ग्राम कड़कड़ मॉडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम बखौटी थाना बिल्लौर जिला कानपुर नगर उम्र करीब 28 वर्ष।
2. सोनू पुत्र मोती चौधरी निवासी किरायेदार अनिल चौधरी का मकान ग्राम कड़कड़ मॉडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद मूल निवासी ग्राम नौली थाना गाहमर जिला गाजीपुर उम्र करीब 28 वर्ष।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>**

थाना लिंकरोड़ पुलिस टीम।